प्रेस नोट दिनांक 27.05.2026

थाना फरीदपुर जनपद बरेली

थाना फरीदपुर #bareillypolice द्वारा हत्या के अभियोग में 20,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त मोबाइल बरामद।

जनपद बरेली में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फरीदपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 944/2025 धारा 103(1)/3(5)/238 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट से संबंधित 20,000/- रुपये के पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त बलवन्त सिंह उर्फ अनमोल को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

दिनांक 30.11.2025 को वादी श्री नन्हे पुत्र कल्लन निवासी मोहल्ला भूरे खां गौटिया थाना फरीदपुर जनपद बरेली द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त लवी उर्फ लवप्रीत ने अपने भाई बलवन्त उर्फ अनमोल एवं साथी सनी उर्फ सुखवन्त के साथ मिलकर उसके पुत्र जुनैद को दावत के बहाने बुलाकर मारपीट के उपरांत गोली मारकर हत्या कर दी तथा शव को ग्राम हजियापुर के निकट नहर पुलिया के नीचे फेंक दिया। प्रकरण में थाना फरीदपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान अभियुक्त लवी उर्फ लवप्रीत एवं सनी उर्फ सुखवन्त को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है, जबकि अभियुक्त बलवन्त सिंह उर्फ अनमोल लगातार फरार चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा 20,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

सूचना एवं कार्यवाहीः-

दिनांक 27.05.2026 को थाना फरीदपुर पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त बीसलपुर अंडर बाईपास क्षेत्र में मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त बलवन्त सिंह उर्फ अनमोल को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

बलवन्त सिंह उर्फ अनमोल पुत्र कुलवन्त नि0 ग्राम बडरा कासिमपुर उर्फ कटरा पट्टी थाना फरीदपुर, बरेली

घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 944/2025 धारा 103(1)/3(5)/238 BNS, 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना फरीदपुर, बरेली

बरामदगी का विवरणः-

घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन Redmi 14C 5G (काला रंग)

पूछताछ विवरणः-

पूछताछ में अभियुक्त बलवन्त सिंह उर्फ अनमोल ने बताया कि मृतक जुनैद उसके भाई लवी उर्फ लवप्रीत का मित्र था तथा उसका उनके घर आना-जाना था। इसी दौरान मृतक के अभियुक्त की बहन से नजदीकी संबंध हो गये थे। घटना वाली रात अभियुक्त के भाई लवी ने जुनैद एवं अपनी बहन को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया, जिसके बाद दोनों भाइयों को अत्यधिक आक्रोश हो गया। अभियुक्त ने बताया कि उसने वीडियो कॉल के माध्यम से अपने भाई लवी एवं उसके साथी सनी को जुनैद के साथ मारपीट करने तथा बाद में उसे गोली मारकर शव को नहर पुलिया के नीचे फेंक देने के लिए कहा था। अभियुक्त के अनुसार उसके कहने पर ही जुनैद को हजियापुर नहर पुलिया पर ले जाकर गोली मारकर हत्या की गयी थी। अभियुक्त ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

पुलिस टीम का विवरणः-

प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम थाना फरीदपुर जनपद बरेली
उ0नि0 उज्जवल गंभीर थाना फरीदपुर जनपद बरेली
उ0नि0 सौरभ सिंह सिवाच थाना फरीदपुर जनपद बरेली
का0 राहुल पवार थाना थाना फरीदपुर जनपद बरेली
का0 अजय तोमर थाना फरीदपुर जनपद बरेली
का0 राज कुमार थाना फरीदपुर जनपद बरेली
सर्विलांस टीम जनपद बरेली